**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 4641 / कृषि-25 / 107 दिनांक 03-6-2026

सेवा में,


मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः–** **मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'किन्तूर में लाखों की लागत से बनी किन्तूर टंकी : जल जीवन मिशन के तहत लोगों तक पानी नही पहुंचा'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय ग्रामीण कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत किन्तूर पेयजल योजना, विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर योजना वर्ष 2018 में पूर्णतया क्रियाशील अवस्था में ग्राम पंचायत को हस्तगत की गयी थी। योजना का समुचित रख रखाव व संचालन न होने के कारण योजना से आंशिक जलापूर्ति की जा रही थी। योजना को पुनः अनुरक्षण एवं संचालन के लिए जल निगम(ग्रामीण) द्वारा वापस लिया गया है। मुख्यालय स्तर से अनुरक्षण एवं संचालन हेतु फर्म मै0 यूनिवर्सल एमईपी चयनित की गयी है, जिसके द्वारा माह जून, 2025 से उक्त योजना का अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ किया गया है। फर्म द्वारा योजनान्तर्गत समस्त घरों में पेयजल आपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही अवगत कराना है कि योजना के समुचित संचालन हेतु प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु मुख्यालय प्रेषित किया गया है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।




भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 यूनिवर्सल, बाराबंकी को इस निर्देश के साथ कि उक्त प्रकरण का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

**किंतूर में लाखों की लागत से बनी किंतूर टंकी:जल जीवन मिशन के तहत लोगों तक पानी नहीं पहुंचा**

**निशेष कुमार | किंतूर(सिरौली गौसपुर), बाराबंकी3 घंटे पहले**



जल जीवन मिशन के तहत लगे नल सूखे।

ग्राम पंचायत किंतूर में जल जीवन मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से एक पानी की टंकी का निर्माण किया गया है। हालांकि, निर्माण पूरा होने के बावजूद, इस टंकी से अभी तक ग्रामीणों तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची है।

यह परियोजना ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान में इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी उन्हें पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि योजना का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हर घर तक पानी पहुंचेगा।

वही ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी बनाई गई पर पानी का संचालन नहीं किया गया पवन राजेश सहरियार रियाज फरीद आज ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते पानी की दिक्कतें बनी हुई है

सहायक अभियंता अजय राय ने बताया कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा जिससे लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके

Scanned with OKEN Scanner